दिनांक : 08.11.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :—

- लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर में महिलाओं के खाते में जमा करेंगे 1 हजार 574 करोड़ रूपये ।
- बुधनी उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत ।
- श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया प्रदेश में छठ पर्व ।
- पहले टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत का मुकाबला आज डरबन में दक्षिण अफ्रीका से होगा।

## लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लाड़ली बहना योजना क अंतर्गत कल इंदौर से 1 करोड़ 29 लाख महिलाओं के खाते में 1 हजार 574 करोड़ रूपये जमा करेंगे। उल्लेखनीय है कि लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को जून 2023 से अब तक कुल 17 किस्ते प्रदान की गयी हैं । लाड़ली बहना योजना प्रदेश की सबसे बड़ी डीबीटी योजना में शामिल है। योजना ने प्रदेश की महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण में महती भूमिका निभाई है। इस योजना से न केवल महिलाओं ने अपनी छोटी-छोटी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा किया है बल्कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये महिलाएं बैंकिंग प्रणाली से सीधे परिचित हुई हैं। इससे परिवार के निर्णयों में भी उनकी भूमिका बढ़ी है और सामाजिक रूप से महिलाओं के सम्मान में वृद्धि हुई है।

## बुधनी उपचुनाव

बुधनी उपचुनाव भाजपा और कांग्रेस के नेता पूरी ताकत झोंके हुए हैं | कांग्रेस की और से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा एक दर्जन से ज्यादा पूर्व मंत्री जबकि भाजपा की और से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रचार प्रसार में लगे हुये हैं |पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट

सीहोर  जिले में इस समय बुधनी उपचुनाव के लिए प्रचार जोरों पर है | यहाँ मुख्य मुक़ाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है  | हालांकि समाजवादी पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार इस चुनाव में खड़ा किया है | दोनों ही पक्ष चुनाव में इस समय अपनी अपनी पूरी ताकत झोंके हुए हैं |  बुधनी में मतदान 13 नवंबर और मतगणना 23 नवंबर को होगी ।जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र में कुल 363 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिन पर मतदान होगा। बुधनी विधानसभा में कुल 2,76,397 मतदाता हैं। उप निर्वाचन के लिए 1 हजार 597 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

विकसित मप्र रोड मैप

राज्य शासन ने 'विकसित मध्यप्रदेश@2047' विजन डॉक्यूमेंट के तहत वर्ष 2028 तक के लक्ष्य और एक्शन पॉइंट्स तैयार करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चाधिकार समिति का गठन किया है। उच्चाधिकार समिति द्वारा इस उद्देश्य के लक्ष्य तथा एक्शन पॉइंट्स के प्रारूप को अंतिम रूप प्रदान करना, कार्यसमूहों एवं उनसे संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना, विभागीय चर्चा के आउटपुट की समीक्षा, शासन द्वारा चयनित बाहय एजेंसी द्वारा किये जा रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

इन्क्यूबेशन सेन्टर

प्रदेश में उच्च शिक्षा क्षेत्र में कौशल विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 47 इन्क्यूबेशन सेन्टर प्रारंभ किए गए हैं। इनमें शासकीय विश्वविद्यालय में 16, निजी विश्वविद्यालय में 12 एवं शासकीय स्वशासी महाविद्यालय में 19 इन्क्यूबेशन केंद्र संचालित हैं। देवी अहिल्या विश्व विद्यालय इंदौर को केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने

पांच करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर इन्क्यूबेशन सेंटर को अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग ने अटल कम्युनिटी इन्नोवेशन सेंटर के लिए ढाई करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं। इसी तरह जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के लिए करीब 13 लाख रूपए स्वीकृत हुए हैं।

बांधवगढ़- हाथी

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बीते दिनों हुई 10 हाथियों की मौत के बाद अब एक जंगली हाथी शावक बीमार अवस्था में मिला है। 10 हाथियों में से अपनी मां से बिछड़ने के बाद से यह शावक बीमार बना हुआ है। शावक की उम्र 3 से 4 माह बताई जा रही है। पार्क प्रबंधन ने हाथी का उपचार शुरू कर दिया है। संयुक्त संचालक पीके वर्मा ने बताया है कि हाथी शावक को पार्क के ताला हाथी कैंप में रखकर देखभाल की जाएगी। उधर,बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ही आज एक तेंदुए ने हमला कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

छठ पूजा

प्रदेश में छठ पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। आज सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस चार दिवसीय पर्व का समापन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सूर्य देव की पूजा कर अपने परिवार, समाज, प्रदेश, और देश के सुख-समृद्धि की कामना की। कल अस्त होते सूर्य को पहला अर्घ्य देने के बाद रात के मध्य से ही छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की भीड़ भोपाल,इंदौर और जबलपुर सहित तमाम शहरों के घाटों पर जुटनी शुरू हो गई थी। सुबह 4 बजे तक सभी प्रमुख घाट श्रद्धालुओं और उपासकों से खचाखच भर गए थे। अर्घ्य के पश्चात श्रद्धालुओं ने छठ प्रसाद में ठेकुआ और मौसमी फलों का वितरण किया।

विशेष रेलगाडिया

भारतीय रेल छठ पूजा के बाद यात्रियों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 500 से अधिक विशेष रेलगाडियां चला रहा है। रेलवे बोर्ड ने बताया कि

आज से लौटने वाले यात्रियों के लिए समस्तीपुर, दानापुर और अन्य रेल मंडलों से अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए रेलवे आज 164 विशेष गाडियां चला रहा है। जबकि कल 160, 10 नवंबर को 161 और 11 नवंबर को 155 विशेष गाडियां संचालित की जाएंगी।

स्थानीय निकायों की भूमिका पर कार्यशाला

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा इंदौर में परियोजना के संचालन में स्थानीय निकायों की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि इंदौर,उज्जैन व खरगौन इकाई अर्न्तगत कम्पनी द्वारा 32 निकायों में जल प्रदाय एवं 12 निकायों में सीवरेज परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला में इन निकायों के अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के लिए आयोजित की गई थी।

टी20 क्रिकेट

क्रिकेट में, आज डरबन के किंग्समीड में चार मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे शुरू होगा। सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे जबकि एडेन मार्कराम दक्षिण अफ्रीकि टीम की कप्तानी करेंगे। भारत अभी आईसीसी पुरुष टी20 टीम रैंकिंग में शीर्ष पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका छठे स्थान पर है।

मौसम

नवंबर के पहले हफ्ते के बाद भी प्रदेश में ठंड ने का असर नजर नहीं आ रहा है । भोपाल सहित अधिकतर शहरों में दिन अभी भी गर्म हैं. हालाँकि प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। पचमढ़ी प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान है। यहां दिन और रात दोनों ही सर्द हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 15 नवंबर के बाद प्रदेश में ठंड का असर बढ़ेगा। मौसम विभाग

के अनुसार, कई शहरों में रात का तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

सीपीपीएस पायलट रन

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारी पेंशन योजना के तहत नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली के पायलट रन के पूरा होने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 के लिए जम्मू, श्रीनगर और करनाल क्षेत्रों में 49 हजार कर्मचारी पेंशन योजना-ईपीएस पेंशनभोगियों को ग्यारह करोड़ रुपये से अधिक की पेंशन वितरित की गई। श्री मांडविया ने कहा कि पायलट रन 29 और 30 अक्टूबर को पूरा हो गया था। नई पेंशन प्रणाली अगले साल जनवरी तक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन- ईपीएफओ की चल रही सूचना प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण परियोजना, केंद्रीकृत सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम प्रणाली के हिस्से के रूप में पूरी तरह से शुरू हो जाएगी और इससे ईपीएफओ के 78 लाख से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त और राज्य शिक्षा केन्द्र से डाइस कोड प्राप्त मदरसों की वर्ष 2024-25 की वार्षिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं पूर्व वर्ष की तरह इस वर्ष भी राज्य शिक्षा केन्द्र के दिशा-निर्देश एवं समय-सारणी अनुसार होगी।
- शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्मन सिंह तोमर ने बीती रात करैरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर औचक निरीक्षण किया। केंद्र पर व्यवस्थाएं न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि व्यवस्था सुधारी जाएं।

- नर्मदापुरम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मां नर्मदा और तवा के संगम स्थल बांद्राभान पर लगने वाला मेला 13 नवंबर तीन दिवसीय मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों को व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।
- शहडोल में कल 9 नवंबर को न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत सद्भावना मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। दौड़ का शुभारंभ स्थानीय गांधी स्टेडियम में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा सुबह 8 बजे होगा।
- देवास में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा "न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह" अंतर्गत आज छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इंदौर में महिलाओं के खाते में जमा करेंगे 1 हजार 574 करोड़ रूपये ।
- बुधनी उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने झोंकी पूरी ताकत ।
- श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया प्रदेश में छठ पर्व ।
- पहले टी–20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत का मुकाबला आज डरबन में दक्षिण अफ्रीका से होगा।

इस बुलेटिन में बस इतना ही, नमस्कार।

....................

———————————